प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. विधानमंडल के बजट सत्र में आज दोनों सदनों में हुई बजट पर चर्चा : विधान सभा में भाजपा विधायक पंकज चौधरी ने कहा– निर्णायक नेतृत्व से राज्य में आए सकारात्मक बदलाव।
2. यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं आज से शुरू : नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों की राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से हो रही है ऑनलाइन मॉनिटरिंग।
3. प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा–विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक मतदाताओं की सुनवाई पूरी– 16 फरवरी तक मतदाता सूची से हटे चार हज़ार तीन सौ छत्तीस नाम।

और

4. लखनऊ में रणजी ट्राफी के सेमिफाइनल मुकाबले में कर्नाटक ने बनाई कुल 802 रनों की बढ़त : उत्तराखंड की टीम पहली पारी में 233 रन बनाकर हुई ऑल आउट।

———————————

विधानमंडल के बजट सत्र में आज विधानसभा में प्रश्न प्रहर में विपक्ष ने बिजली और गन्ना किसानों से जुड़े मुद्दों पर सवाल किए। सपा सदस्य आशु मलिक ने ग्रामीण

इलाकों को नगर निगम से जुड़ने के बाद आधारभूत सुविधाओं के लिए सरकारी की नीति से संबंधित सवाल उठाए। जवाब में नगर विकास मंत्री ए.के शर्मा ने कहा कि सरकार ने इस संबंध में स्पष्ट नीति बनाई है और पर्याप्त बजट भी आवंटित किया गया है। विधानसभा में आज बजट पर भी चर्चा जारी रही। भाजपा विधायक पंकज चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से प्रदेश में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि स्टेबिलिटी और सेफ्टी के कारण आज राज्यमें बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। बाइट......

*पिछले 8–9 सालों के अंदर जहां पहले यह अर्थव्यवस्था का साइज गेट 13.30 लाख करोड़ था या 30 लाख करोड़ की अब पार है। यहां पर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगभग डबल हो गई है। जीएसटी कलेक्शन डबल हो गया है। यह सब मैं कह सकता हूं कि यह डबल इंजन की जो हमारी सरकार है, उसके निर्णायक नेतृत्व जो हमारे यहां पर है, उसकी डबल शक्ति का ही यह नतीजा है। उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव हम सब यहां पर देख पा रहे हैं।*

वहीं विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि निजीकरण के चलते युवाओं को रोज़गार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि युवा शक्ति सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में आठ लाख 45 हजार से अधिक युवाओं को

सरकारी नौकरी दी है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्यों ने सदन से वाक आउट किया।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत में एआई के लिए उनका विज़न तीन स्तंभां, संप्रभुता, समावेशिता और नवाचर पर टिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई विकसित भारत 2047 की ओर भारत की यात्रा में बदलाव लाने वाला मौका है। इंडिया एआई और इंटेल इंडिया ने एआई जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 24 घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अंतर्गत 25 लाख से अधिक छात्रों ने संकल्प लिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

इस समिट में जौनपुर के छात्र युवराज सिंह भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने देशभर से चुने गए प्रतिभाशाली छात्रों में जगह बनाई है।

———————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की दसवी और बारहवीं कीपरीक्षाएं आज से शुरू हो गईं हैं। प्रदेश भर में 8 हजार से अधिक केंद्रों पर यह परीक्षा कराई जा रही हैं जिसमें 53 लाख से ज्यादा छात्र छात्राएं शामिल

हो रहेहैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बोर्ड के सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल माडिया पोस्ट के ज़रिए उन्होंने कहा कि परीक्षाएं केवल छात्रकी शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन नहीं हैं, बल्कि उनके धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास की भी परीक्षा है। वहीं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बोर्ड परीक्षा के पहले दिन लखनऊ के जियामऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को टीका लगाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने की अपील की। बाइट.....

*बच्चों को यह संदेश देंगे कि बच्चों ने पूरी साल जो मेहनत की है, हमारे शिक्षकों ने जो मेहनत की है, हमारे बच्चे तनाव मुक्त होकर परीक्षा करेंगे। हमारे सारे शिक्षक तनाव मुक्त होकर परीक्षा में रहेंगे और हमारे सारे अधिकारी बहुत ही लगन और उत्साह के साथ में इन परीक्षाओं में लगे हुए हैं। और बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं कोई परेशानी बच्चों को नहीं होगी और ना कोई नकल की संभावना है। नकल की संभावना तो माननीय योगी जी की सरकार में है ही नहीं।*

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी राज्य स्तरीय हाईटेक कंट्रोल रूम से लाइव ऑनलाइन मॉनिटरिंग और वेबकास्टिंग के ज़रिए की जा रही है। श्री सिंह ने बताया कि परीक्षा में गड़बड़ी या नकल करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी। बाइट......

*यदि कोई इसमें बाहरी तत्व है, असामाजिक तत्व है जो अफवाह फैलाता है या नकल कराने में योगदान देता है तो उनकी एफआईआर कराई जाएगी जो अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 है, उसमें प्रावधान है कि यह संघीय अपराध है, उनको 7 साल की जेल हो सकती है और साथ ही साथ लगभग ₹50 लाख का जुर्माना हो सकता है।*

———————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————————

**प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लखनऊ में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश भर में 13 हजार 161 अधिकारी मतदाताओं की समस्याओं की सुनवाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी से 17 फरवरी तक 54 लाख 44 हजार से अधिक फॉर्म–6 आए है, जबकि 1 करोड़ चार लाख मतदाताओं को मैपिंग ना होने के कारण नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया**

**कि छह जनवरी से 16 फरवरी तक केवल 4 हज़ार 336 लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। श्री रिणवा ने कहा कि 27 मार्च तक सुनवाई पूरी कर ली जाएगी।**

**बाइट.....**

*1 करोड़ 4 लाख ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने पिछले एसआईआर में वोटर लिस्ट से जो मिलान कराना था वह खाना बिल्कुल खाली छोड़ दिया था। तो मैपिंग नहीं करा इसी मिलान नहीं करा। 2 करोड़ 22 लाख लोग ऐसे हैं जिन्होंने मिलान तो करवाया था बट उसमें कोई तारीख की कोई संगृति नहीं, गमियां नहीं जिसकी वजह से उनको भी नोटिस गया। 1 करोड़ 85 लाख नोटिसेस मतदाता को हमने दे दिए हैं और 1 करोड़ 15 लाख हमारी सुनवाईयां भी पूरी हो गई।*

———————————

**श्रीरामलला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या की अर्थव्यवस्था में बड़ा उछाल आया है। आईआईएम लखनऊ की एक स्टडी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। पेश है एक रिपोर्ट......**

*सर्वे में राम मंदिर निर्माण से पहले और बाद की आर्थिकपरिस्थितियों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटन, निवेश, कारोबार और रोजगार में व्यापक वृद्धि हुई है। प्रतिदिन 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन से पर्यटन और सेवा क्षेत्र को गति मिली है। डेढ़ सौ से अधिक नये होटल और होम स्टे शुरू हुए है। करीब 6000 एमएसएमई स्थापित हुए हैं। अगले 4 से 5 वर्षों में एक लाख बीस हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ के इस सर्वे के मुताबिक 'टेंपल इकॉनमी मॉडल' ने प्रदेश और देश में आर्थिक समृद्धि के रास्ते खोल दिए हैं। समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।*

———————————

दो दिवसीय लखनऊ दौरे पर आए सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत न आज लखनऊ विश्वविद्यालय में शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकता है और ये सबके लिए सुलभ होने चाहिए।

————————

मरकजी शिया चांद कमेटी ने आज रमज़ान का चांद दिखने की पुष्टि कर दी है। कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि कल से रोज़े रखने का सिलसिला शुरू होगा।

————————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपई इकाना स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के चौथे दिन आज कर्नाटक न 802 रनों की बढ़त बना ली। दिन का खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 299 रन बनाए हैं। इससे पहले आज पहले सत्र में उत्तराखंड की टीम अपनी पहली पारी में 233 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी। कल मुकाबले का अंतिम दिन है।

————————

आईसीसी पुरूष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप–ए में आज मौजूदा चम्पियन भारत और नीदरलैंड के बीच मैच खेला जा रहा है। भारत ने टास जीत कर पहले

बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम मं खेला जा रहा है।

(समाप्त)